an>

Title: Need to take steps to resolve politically motivated conflicts in Kerala.

ग्रामीण विकास मंत्री, पंचायती राज मंत्री तथा पेयजल और स्वच्छता मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर): महोदय, हमारे माननीय सदस्य ने गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के संबंध में सवाल उठाया है। मैं आपके माध्यम से पूरे सदन को यह जानकारी देना चाहता हूँ कि, माननीय सदस्य ने जो भी कहा है, उसका सत्यता से कोई वास्ता नहीं है। कल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का अवसर था। पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने देश भर के सभी राज्यों से चिन्हित कर के छह हजार से अधिक महिला सरपंचों को आमंत्रित किया था। उसमें कुछ समाजसेवी संस्थाएं भी थीं। उस कार्यक्रम में वही लोग थे, जिन्हें आमंत्रित किया गया था। वहाँ पर गौतमबुद्ध नगर की शालिनी राजपूत नामक एक बहन भी थी। उस बहन ने सुरक्षा घेरे को तोड़कर माननीय प्रधानमंत्री जी से मिलने की कोशिश की थी। वो माननीय प्रधानमंत्री जी को राज्य सरकार के संबंध में कुछ बताना चाहती थी। सुरक्षा घेरे ने उसे माननीय प्रधानमंत्री जी से नहीं मिलने दिया था। उसके बाद शालिनी राजपूत जी ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को एक वाइट दी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे राज्य सरकार से परेशान हैं और उनके गाँव में विकास नहीं हो रहा है। यह बात वे प्रधानमंत्री जी को बताना चाहती थीं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय लोकसभा अध्यक्ष जी मौजूद थीं। स्वच्छता के क्षेत्र में जिन महिला सरपंचों ने अच्छा काम किया है, इस कार्यक्रम में उन्हें भी सम्मानित किया गया। माननीय सदस्य ने जो यह बात उठाई है, वह बिलकुल भी सत्य के नजदीक नहीं है। इससे निश्चित रूप से लोग गुमराह हुए हैं, जिस कारण मुझे यहाँ स्पष्टीकरण देने के लिए खड़ा होना पड़ा है। आपने मुझे बोलने के लिए जो समय दिया, उसके लिए धन्यवाद। **श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली) :** महोदय, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण इश्यू पर बोलने का मौका दिया है, जिसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। केरल में लगातार एक विचारधारा के लोगों पर अटैक हो रहा है। वहाँ की सरकार सी.पी.आई. (एम) पार्टी द्वारा आर.एस.एस. और बी.जे.पी. वर्कर्स पर लगातार अटैक हो रहा है। 4 मार्च को आर.एस.एस. के चार कार्यकर्ताओं, नामतः विनीश, सुनील, बाबू और सुधीर के कार्यालय पर बम फेंका गया और डंडे-तलवारों से इनके हाथ-पैर तोड़े गए।...(व्यवधान)

SHRI P.K. BIJU (ALATHUR): This is a misleading statement, Sir....(*Interruptions*)

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा: ये घटनाएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक 53 साल के मजदूर जो मुख्यमंत्री की विधानसभा में रहते हैं, उनके घर पर हमला किया गया। ...(व्यवधान) एक परिवार पर लगातार अटैक हो रहे हैं। अगर सी.पी.आई. (एम) को लड़ाई करनी है, तो उन्हें एक विचारधारा से लड़ाई करनी पड़ेगी। हमारी शांति को कोई कमजोरी नहीं समझना चाहिए। सी.पी.आई.एम. द्वारा लगातार अटैक, यह वहां के मुख्यमंत्री के ऊपर एक सीधा कलंक है। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन ने भी जनवरी को सरकार को नोटिस दिया कि लगातार जो अटैक हो रहे हैं, वे ठीक नहीं हैं, एक विचारधारा के ऊपर अटैक हो रहा है। इसलिए मैं सरकार से चाहूंगा कि वह इसमें इंटरवीन करे और वहां की सरकार को बर्खास्त करे।...(व्यवधान)

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Ashwini Kumar Choubey,

Shri Sharad Tripathi,

Shri Bhairon Prasad Mishra,

Shri Gajendra Singh Shekhawat,

Shri Ramcharan Bohra,

Dr. Manoj Rajoria,

Shri Nihal Chand,

Shri Devji M. Patel and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Parvesh Sahib Singh Verma.